कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 11/2024 **दिनांक 09/12/2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याः वीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720, दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020, दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 08.12.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना खानपुर/सैदपुर व स्वाट टीम की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी के 09 अदद मोटरसाईकिल व 02 अदद मोटरसाईकिल खुली हुई हालत (पुर्जे अलग अलग) के साथ 05 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना खानपुर/सैदपुर व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर खास सूचना पर ग्राम बूढ़ीपुर चौराहे के पास स्थित ईंट भट्ठा के सामने वाहन चोरों का एक गैंग वाहन चोरी से सम्बन्धित बात चीत कर रहे हैं जिन्हें पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर बूढ़ीपुर चौराहे के पास स्थित ईंट भट्ठा के सामने से गिरफ्तार किया गया जिनके पास से चार अलग अलग मोटरसाईकिल मिली जिनके कागजात मांगने पर प्राप्त नहीं हुआ तथा उनके द्वारा बताया कि गाड़िया चोरी की हैं तथा पूंछतांछ में बताये कि अन्य 03 साथियों के साथ मिलकर शादी विवाह के अवसरों से गाड़िया चोरी कर उन्हें बेचते हैं तथा उनके पार्ट्स खोलकर अलग अलग बेंचा जाता है। 05 अभियुक्तों की निशांदेही पर ग्राम इटहा के सुनसान स्थान से 05 अन्य मोटर साईकिल व 02 मोटरसाईकिल (पार्ट्स खुले हुए) बरामद किये गये। उक्त वाहनों से एक थाना खानपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 243/24 धारा 303(1) से सम्बन्धित मोटरसाईकिल भी है। चोरी के वाहन बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 244/24 धारा 303(1)/317(2)/317(4)/319(2)/318(4)/338/317(5)/336(3)/340(2) बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पताः-

1. अभय उर्फ चिन्टू पाण्डेय पुत्र केशव पाण्डेय सा0 कन्हईपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर उम्र 20 वर्ष

2. आदर्श पाण्डेय पुत्र राजेश पाण्डेय सा0 करमपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष

3. शिवम पाण्डेय पुत्र देवेन्द्र कुमार पाण्डेय सा0 कन्हईपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर उम्र 22 वर्ष

4 .रामबिहारी प्रजापति पुत्र हरिहर प्रजापति सा0 भद्रसेन थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर उम्र 20 वर्ष।

5. राजेश प्रजापति(कबाड़ी) पुत्र शंकर प्रजापति सा0 भद्रसेन थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर उम्र 36 वर्ष।

बरामदगी-

1. स्प्लेण्डर प्रो ब्लैक रंग UP65CB5693
2. स्प्लेण्डर प्लस लाल काले बिना नम्बर प्लेट
3. स्प्लेण्डर प्लस काले UP61AE7304
4. हीरो होण्डा स्प्लेण्डर UP63D1940
5. हीरो पैशन प्रो रंग काला- बिना नम्बर प्लेट
6. स्प्लेण्डर प्लस रंग काला UP65Z4002
7. हीरो होण्डा स्प्लेण्डर रंग काला लाल
8. हीरो स्प्लेण्डर प्लस रंग काला
9. होण्डा SP 125
10. एचएफ डिलक्स (पार्ट खुला हुआ)
11. 01 अन्य मोटरसाइकिल पार्ट खुला हुआ

02. नोनहरा पुलिस द्वारा वांछित अपराधी की सफल गिरफ्तारी।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08.12.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 206/2024 धारा 65(1)/109/127(2) BNS व 5I/6 पाक्सो एक्ट थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर मे नोनहरा पुलिस टीम उ0नि0 शिवराज सिंह यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर उक्त मुकदमे के वांछित अपराधी शब्बीर अहमद पुत्र कबीर अहमद नि0 ग्राम लावा थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 52 वर्ष को अख्तियारपुर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

01 . शब्बीर अहमद पुत्र कबीर अहमद नि0 ग्राम लावा थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 52   .

अपराधिक इतिहास-

01 . मु0अ0सं0 206/2024 धारा 65(1)/109/127(2) BNS व 5I/6 पाक्सो एक्ट थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर